दिनांक 29 जून 2019

स्वच्छ भारत अभियान

स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

चलित एंबुलेंस के माध्यम से मौसमी बीमारियों से बचाव की दे रहे जानकारी एवं विभिन्न क्षेत्रों में कर रहे डेंगू नियंत्रण/रोकथाम के लिए उपाय

भिलाईनगर/आज दिनांक 29-06-2019 को निगम क्षेत्रांतर्गत जिला स्वास्थ्य विभाग एवं नगर निगम की संयुक्त टीम द्वारा मौसमी एवं जल जनित संक्रामक रोगों से बचाव एवं रोकथाम हेतु चलित एम्बुलेंस द्वारा वार्ड - 19,शास्त्री नगर कैम्प- 1 अंतर्गत तीन दर्शन मंदिर के पीछे स्थित सांस्कृतिक मंच के पास विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया , इस शिविर में 27 मरीज (जिसमें सर्दी-खांसी, हाथ-पैर, कमर दर्द) से प्रभावित ने शिविर में आकर निःशुल्क रोग निरोधक दवाइयां प्राप्त की।स्वास्थ्य शिविर के अतिरिक्त 08 ओ.आर.एस.पैकेट वितरण, डेंगू एवं जलजनित बीमारियों से बचाव संबंधी जन जागरूकता हेतु 120 नग पाम्पलेट वितरण क्षेत्र में भ्रमण कर दिया गया! स्वास्थ्य शिक्षा के लिए 290 घरों से संपर्क किया गया! 52 कूलर में टेमीफास के छिड़काव किए गए ,भ्रमण के दौरान पानी टंकियों की जांच की गई ,क्षेत्र/मोहल्ले में स्थित पक्की -कच्ची नालियों के जमाव पानी में स्प्रेयर पंप द्वारा छिड़काव किया गया एवं मलेरिया आयल डाला गया ,घरों में पानी उबाल कर पीने , गर्म एवं ताजा भोजन का सेवन करनें , बासी एवं दूषित खाद्य एवं पेय पदार्थों का सेवन नहीं करनें , घर के आसपास बरसाती पानी का जमाव नहीं होने देने ,अपने घरों में उपयोग कर रहे कूलर के पानी को प्रतिदिन पूर्ण रूप से सफाई कर नया पानी भरकर उपयोग करने , अपने घर के प्रांगण में गमले , मवेशियों को दिए जाने वाले पानी पात्र , संग्रहण कर रखे गए पानी टंकी भी प्रति 2-3दिनों में सफाई करने,बरसाती पानी का कहीं भी किसी भी पात्र में जमाव नहीं होने देने एवं मच्छर मुक्त भिलाई शहर बनाने में सहयोग करने की अपील की गई ।

जनसम्पर्क अधिकारी

जल है तो कल है   जल ही जीवन है!